खबर संक्षेप

## मैहर जिले में अब तक 839.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मैहर।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 24 अगस्त 2025 तक 839.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 888 मि.मी., मैहर में 768.5 मि.मी. एवं रामनगर में 864.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 775.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई।

## आयातित तुअर के मंडी शुल्क में छूट पर दाल संघ ने माना आभार

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान तुअर दाल संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर राज्य सरकार द्वारा आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम दाल उद्योग को संकट से उबारते हुए नए जीवन का संचार करेगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधियों ने आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सदैव जनता और किसानों के हित में कार्य कर रही है। उद्योगों के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी राज्य सरकार उद्योग और व्यापार जगत की बेहतरी तथा किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी।

## अलग अलग सड़क हादसे में दो हुए घायल

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहरुआ निवासी अजय कुशवाहा को एक अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अजय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह बहोरीबंद के मेन रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास ग्राम महंगवा निवासी सुनील दुबे को एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो युवकों ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कटनी।** दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटनाएं माधवनगर व ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्राज्योति कॉलोनी में साहिल बर्मन पिता इन्द्रकुमार बर्मन 19 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। वहीं ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिन्ना पिपरिया में सुरेंद्र पिता मानिक लाल कोल 22 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

# गणेश उत्सवः तैयारियां जोरों पर, बाजार में सजी बप्पा की आकर्षक प्रतिमाएं

सतना।

विघ्न विनाशक,मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश का उत्सव इस साल 28 अगस्त,चतुर्थी तिथि से शुरू हो रहा है। यह 10 दिनों तक चलने वाला महोत्सव 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर समाप्त होगा। इस दौरान,शहर में सैकड़ों आकर्षक मूर्तियों की दुकानें सज चुकी हैं। इन दुकानों में तरह-तरह के रंगों और मुद्राओं में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं विराजमान हैं। भक्त अपनी श्रद्धा और बजट के अनुसार छोटी,मझोली और बड़ी प्रतिमाएं खरीद रहे हैं।



### उत्सव की धूम

अलग-अलग मोहल्लों में गणेश उत्सव समितियों द्वारा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है और उत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं। इन 10 दिनों के दौरान,समितियों ने पूजा-अर्चना के साथ-साथ जाप,पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की है।

### महाभारत से जुड़ी है मान्यता

एक मान्यता के अनुसार,भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को ही भगवान गणेश ने महर्षि वेदव्यास के कहने पर महाभारत ग्रंथ का लेखन शुरू किया था। इस पवित्र ग्रंथ को लिखने से पहले गणेश जी ने एक शर्त रखी थी कि वे लेखन बीच में नहीं रोकेंगे और वेदव्यास जी को बिना रुके वाचन करना होगा। इसी कारण इस तिथि को बौद्धिक और आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टिकोण से बहुत खास माना जाता है।

### जीवन चक्र का प्रतीक

गणेश प्रतिमा की स्थापना और विसर्जन का अनुष्ठान जीवन चक्र को दर्शाता है और हमें याद दिलाता है कि कुछ भी हमेशा के लिए नहीं रहता। जिस धूमधाम से भक्त गणपति प्रतिमा स्थापित करते हैं,उसी तरह से विसर्जन भी करते हैं। विसर्जन के दिन भक्तों की आंखें नम हो जाती हैं। विसर्जन के दौरान सड़कें नृत्य,संगीत और गणपति बप्पा मोरिया,अगले बरस जल्दी वापस आओ जैसे जयकारों से गूंज उठती हैं।

### धार्मिक पर्व के साथ आध्यात्मिक यात्रा

10 दिनों तक चलने वाला यह उत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं,बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा भी है,जिसमें भक्त अपने आराध्य से जुड़कर जीवन के कष्टों से मुक्ति की कामना करते हैं।

### ईको-फ्रेंडली प्रतिमाएं बनेंगी खास आकर्षण

इस साल गणेश उत्सव में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन की पहल पर ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं,जो इस बार के उत्सव का एक खास आकर्षण होंगी।

# ट्रांसपोर्ट नगर में बोरा गोदाम में भड़की आग, 22 लाख का माल और एक बाइक जली



सतना।

कोलगवां थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित एक बोरा गोदाम में शनिवार की देर रात आग लग गई। तेजस्वी ट्रेडर्स के गोदाम में लगी इस आग से लगभग 22 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फर्म संचालक रविनारायण ने बताया कि वे रात 8 बजे गोदाम बंद करके घर चले गए थे। कुछ देर बाद पड़ोसी का फोन आया कि गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग को खबर दी गई।आग की गंभीरता को देखते हुए तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जब तक आग पर काबू पाया गया,तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जल चुका था। गोदाम में रखी एक बाइक भी आग की चपेट में आ गई। गोदाम में प्लास्टिक और जूट के बोरे रखे थे,जिनकी सप्लाई सब्जी मंडी समेत अन्य जगहों पर की जाती थी। हाल ही में नया स्टॉक लाया गया था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बारिश से भीगा शहर... गर्मी से मिली राहत, किसानों के चेहरे खिले

**सतना।** कई दिनों से छा रहे बादल आखिरकार रविवार की तड़के गरज और चमक के साथ बरस पड़े। इस दौरान झड़ी भी लगी,लगातार हुई बारिश के कारण गर्मी से राहत भी मिली और किसानों के चेहरे भी खेल गए। रविवार सुबह 8 बजे तक शहर में करीब 4 इंच और ग्रामीण इलाकों में 2 से 3 इंच बारिश दर्ज की गई। शनिवार देर शाम हल्की बारिश शुरू हुई,जबकि रविवार सुबह 4 बजे से करीब 3 घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया और निचले इलाकों के घरों में पानी घुस गया। प्रेमनगर अंडरपास,भरहुत नगर कॉलोनी,टिकुरिया टोला,सर्किट हाउस चौराहा,जवान सिंह कॉलोनी और उमरी में जलभराव की स्थिति है।



### बारिश से तापमान में गिरावट

बारिश से तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले दो दिन हल्की से तेज बारिश की संभावना जताई है।

### अब तक 817.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष 1 जून से 24 अगस्त तक 817.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 984.2 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 688.3 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 1095.3 मि.मी, बिरसिंहपुर में 700 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 755.6 मि.मी.,नागौद में 955.6 मि.मी.,जसो (नागौद) में 404.7 मि.मी.एवं उचेहरा में 960.3 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी.है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 545.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# जर्जर भवन में भविष्य संवारने की चुनौतीः बिरसिंहपुर सरकारी कॉलेज

सतना।

एक तरफ सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के बड़े-बड़े दावे कर रही है,वहीं दूसरी ओर सतना जिले का बिरसिंहपुर महाविद्यालय जर्जर दीवारों और टपकती छतों के बीच छात्रों को शिक्षा देने के लिए मजबूर है। यह स्थिति न केवल शिक्षा के स्तर पर सवाल खड़े करती है,बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रही है। कॉलेज का संचालन 2018 में शुरू हुआ था,जब इसे हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के पूर्वी हिस्से में चार कमरे दिए गए थे। आज,इन कमरों में 292 नियमित और लगभग 100 अन्य छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई जारी रख रहे हैं। लेकिन बारिश के मौसम में इन छात्रों और स्टाफ के लिए यहां रहना भी मुश्किल हो जाता है। छत से लगातार पानी टपकता रहता है,जिससे क्लासरूम में पानी भर जाता है और दीवारों में सीलन आ जाती है। यह जर्जर इमारत कभी भी गिर सकती है,जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश के दौरान,छात्रों को जहां अपना सिर बचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है,वहीं कॉलेज स्टाफ को भी रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित रखने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### राशि स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य रुका

कॉलेज के नए भवन के निर्माण के लिए पहले ही राशि स्वीकृत हो चुकी है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बिरसिंहपुर दौरे के दौरान यह मांग उठाई गई थी और उन्होंने इसके लिए फंड को मंजूरी भी दी थी। इसके बावजूद,अब तक भवन निर्माण के लिए कोई गंभीर कदम नहीं उठाया गया है। इस मामले में,मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के संभागीय प्रमुख अजय ठाकुर ने बताया,कॉलेज भवन के लिए आरक्षित भूमि का जल्द ही सीमांकन कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। यह बयान एक उम्मीद जगाता है, लेकिन सवाल यह है कि इस गंभीर स्थिति में छात्रों को कब तक खतरा मोल लेना पड़ेगा। सरकार और प्रशासन को इस दिशा में तुरंत ध्यान देना चाहिए,ताकि बिरसिंहपुर के छात्रों को एक सुरक्षित और बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके और उनका भविष्य इन जर्जर दीवारों के नीचे दबने से बच सके।

# सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया

### महिला यात्रियों ने कराया प्रसव,सतना स्टेशन पर पहुंचने के बाद अस्पताल में किया भर्ती

**सतना।** चलती ट्रेन में एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया। सूरत से भागलपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला की डिलीवरी हुई। ट्रेन संख्या 22947 के स्लीपर कोच में यात्रा कर रही 21 वर्षीय राज कुमारी को मैहर और सतना के बीच प्रसव पीड़ा शुरू हुई। ट्रेन में मौजूद महिला यात्रियों ने मिलकर प्रसव कराया और जीआरपी को सूचना दी। ट्रेन संख्या 22947 के स्लीपर कोच में यात्रा कर रही राज कुमारी को मैहर और सतना के बीच प्रसव पीड़ा शुरू हुई। वह अपने पति राजेश कुमार के साथ उधना से भागलपुर जा रही थीं। अचानक दर्द बढ़ा तो कोच में मौजूद महिला यात्रियों ने तुरंत मदद के लिए आईं।



### यात्रियों ने की मदद,जीआरपी को सूचना

महिला यात्रियों ने चादरों से परदा बनाकर डिलीवरी कराई और जीआरपी को फोन कर जानकारी दी। सतना स्टेशन पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। रविवार सुबह करीब 4 बजे ट्रेन सतना स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची। वहां से मां और नवजात को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों और जीआरपी के अनुसार,मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

# 72 की हुई जांच, 34 का होगा ऑपरेशन

**सतना।** काकी फाउंडेशन लोहरौरा तथा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत कार्यालय पिथौराबाद में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के डॉ अमित पाठक,डॉ.मनीष मिश्रा दीपक चौबे और धीरेंद्र कुमार उपस्थित थे काकी फाउंडेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने श्री दहिया का आभार जताया कि वह इस अवसर पर उपस्थित होकर आयोजन का सम्मान बढ़ाने के साथ साथ ग्रुप में मैसेज दल कर प्रचार में भी बड़ी मदद की इसी की वजह से पिथौरा बाद के अलावा पतौरा,पोंडी,बीरपुर,मझगमा,अटरा और अतरवेदिया आदि गांवों के कुल 72 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई तथा उनमें से 34 मोतियाबिंद के प्रकरण एंबुलेंस से चित्रकूट भेजे गए जहां उनका लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा 15लोगों को निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए शिविर में जन अभियान।परिषद के ब्रजेंद्र प्रकाश,लोहरौरा के मनोज और लाला चौधरी तथा अनुपम दाहिया का सहयोग रहा।




# खेत की मेड़ टूटने से जवान सिंह कॉलोनी में भरा पानी,निगम ने संभाला मोर्चा

**सतना।** जवान सिंह कॉलोनी से लगे एक खेत की मेड़ टूटने से पूरी कॉलोनी में पानी भर गया।यह घटना 22 और 23 अगस्त की दरमियानी रात की बताई जा रही है। कॉलोनीवासियों की सूचना पर,नगर निगम का अमला तुरंत मौके पर पहुंचा। स्वास्थ्य शाखा की टीम एक जेसीबी के साथ घटनास्थल पर पहुंची और कॉलोनी में आ रहे पानी को रोकने का काम शुरू किया।टीम ने मेड़ को बांधने का काम किया, जिससे पानी का बहाव रुका और निवासियों की समस्या का समाधान हो सका। इस घटना की जानकारी मिलते ही पार्षद प्रसेनजीत सिंह तोमर भी कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने नगरनिगम की टीम के साथ मिलकर मौके पर खड़े होकर मेड़ बंधवाने के काम का निरीक्षण किया। नगर निगम के त्वरित कदम और पार्षद की मौजूदगी से स्थिति को जल्द ही नियंत्रण में लाया गया।




# गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश उत्सव मनाया गया

सतना।

रविवार को सिख समुदाय ने सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश उत्सव मनाया। गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश उत्सव सन 1604 में मनाया गया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष,कमलजीत सेठी ने बताया कि इस उत्सव के लिए 22 अगस्त को अखंड पाठ शुरू किया गया था,जिसका समापन रविवार सुबह 9:30 बजे विधि-विधान से हुआ। इसके बाद,10 बजे तक आरती,कीर्तन और भजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नानक मत्ता से ज्ञानी रणजीत सिंह खालसा आए थे,जिन्होंने अपने कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद गुरु की अरदास की गई और अटूट लंगर का वितरण नानक नाम लेवा भाई-बहनों में किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष, लाजपाल सिंह भाटिया ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब द्वारा दिखाए गए प्रेम,दया,भाईचारा और करुणा के मार्ग पर चलकर समाज में सद्भाव का वातावरण बनाने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से विनम्र बनकर परोपकार करने का भी आह्वान किया।





# राज्य मंत्री लखन पटेल ने किए मां शारदा के दर्शन

मैहर।



प्रदेश के पशुपालन और डेयरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने अपने मैहर जिले के संक्षिप्त दौरे के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। दर्शन के बाद,राज्यमंत्री दमोह जिले के लिए रवाना हो गए।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूर्ण कर लौटे महंत सचिन गिरी

मैहर।

मैहर के महंत दिगंबरसंन्यासी सचिन गिरी ने हाल ही में अपनी कैलाश मानसरोवर यात्रा सफलता पूर्वक पूरी की है। उन्होंने पवित्र कैलाश पर्वत पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस आध्यात्मिक यात्रा ने पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का माहौल बना दिया है।महंत सचिन गिरी के अनुयायियों और भक्तों में इस उपलब्धि को लेकर काफी खुशी है। कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास स्थान और मानसरोवर झील को मोक्ष देने वाला माना जाता है, जिससे इस यात्रा का महत्व और भी बढ़ जाता है।उनकी इस यात्रा को जनकल्याण और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जा रहा है।

# मां शारदा मंदिर में फिर खुलेगी कैंटीन, सुरक्षा पर उठे सवाल

मैहर।

मां शारदा देवी मंदिर प्रबंधक समिति ने लगभग दो दशक पहले बंद की गई कैंटीन को फिर से शुरू करने की तैयारी कर ली है। यह कैंटीन दो दशक पहले आगजनी और भगदड़ की घटना के बाद तत्कालीन एसडीएम गौतम सिंह द्वारा बंद की गई थी। इस फैसले को लेकर भक्तों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। समिति पर आरोप है कि वह यात्रियों की सुरक्षा की बजाय केवल मुनाफे पर ध्यान दे रही है। संकरी पहाड़ी रास्तों और सीढ़ियों पर कैंटीन खुलने से भीड़ बढ़ेगी,जिससे कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। आरोप है कि समिति निःशुल्क सुविधाओं,जैसे शौचालय,को भी ठेके पर दे रही है। नगर के लोग इस निर्णय को लेकर चिंतित हैं और उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

# महर्षि कश्यप जयंती पर होंगे विविध आयोजन

मैहर।

श्रीकेशरवानी वैश्य समाज 28 अगस्त,गुरुवार को महर्षि कश्यप जयंती मनाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे झंडारोहण,पूजा-अर्चना और वृक्षारोपण के साथ होगी। इसके बाद एक वाहन रैली निकाली जाएगी,जो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से शुरू होकर चंडी देवी मंदिर पर समाप्त होगी। शाम 7 बजे,सरना पैलेस में एक सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी होंगे,जबकि अध्यक्षता रघु केशरी और कमलेश सुहाने करेंगे। इस मौके पर शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएंगे,जिसमें कक्षा 5वीं,8वीं,10वीं,12वीं,स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण तीन छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा,जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने आधार ओपरेटर को ब्लैकलिस्ट करने लिखा पत्र

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने आधार ओपरेटर को ब्लैकलिस्ट करने हेतु प्रभारी अधिकारी (आधार प्रोजेक्ट) राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल को लिखा पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि उमरिया जिले के जनपद शिक्षा केन्द्र पाली के आधार ऑपरेटर रविशंकर सोनी को पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंधवाबारा में पीएमजनम/धरतीआबा/स्कूल के छात्र व छात्राओं के डेमोग्राफिक व बायोमैट्रिक अपडेट किये जाने हेतु आधार कैम्प का आयोजन किया गया था किन्तु बिना किसी सूचना/जानकारी के कैम्प में अनुपस्थित रहे, जिस कारण शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में आधार महत्वपूर्ण घटक होने से आधार अपडेट हेतु कैम्प स्थल पर पहुचने वाले आमजन को लौटना पड़ा जिससे जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई । उन्होंने कहा है कि संबंधित ऑपरेटर को ब्लैकलिस्ट कर इनके स्थान पर नवीन ऑपरेटर के पंजीयन की कार्यवाही की जाए।

### डॉ.मिश्रा ने सीएमएचओ का किया पदभार ग्रहण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** डा मनीष कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह जिला चिकित्सालय जबलपुर में रेडियोलाजिस्ट् के पद पर कार्यरत थे। पदभार संभालने के बाद डा. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की।

### ब्रह्माकुमारीज में रक्तदान शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ब्रह्माकुमारीज दिव्य संस्कार भवन पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाया जाएगा।

### ब्रह्मलीन शंकराचार्य की 26 को भव्य शोभा यात्रा

**गोटेगांव।** अनंत श्री विभूषित श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा दिनांक 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को ज्योतिश्वर महादेव मेला प्रांगण से दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होगी! इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे शिवरात्रि 8:00 बजे तक आयोजित है जिसमें संतों के आशीर्वचन एवं सभी कार्यक्रम में द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का व अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णनंद जी महाराज एवं पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज का दिव्य सानिध्य सभी को प्राप्त होगा i पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे मेला प्रांगण से प्रारंभ होगी जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी जनता सादर आमंत्रित है ।

### शिक्षकों ने सीखने व सिखाने को लेकर साझा किए अपने अनुभव

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त 52 जन शिक्षा केन्द्र (क्लस्टर रिसोर्स सेंटर) स्तर पर कक्षा पहली व दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक तैयारी के लिए शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे ने बताया कि जन शिक्षा केंद्रों पर कक्षा पहली व दूसरी के शिक्षकों के शैक्षिक संवाद कार्यक्रम के तहत शिक्षक जन शिक्षा केन्द्रों पर एकत्र होकर सीखने- सिखाने को लेकर अपने अनुभव साझा करे और अपनी तैयारी कर कक्षाओं में शैक्षिक समृद्धता स्थापित की जा सके। इसी क्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र शासकीय हाई स्कूल चंदन देवी रोसरा का शैक्षिक संवाद एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रानी पिपरिया में आयोजित किया गया। यहां शिक्षकों की अपनी कक्षाओं में शिक्षण संबंधी प्रतिदिन तैयारी और समस्याओं, कक्षाओं में सीखने- सिखाने की प्रक्रियाओं को और बेहतर अंजाम देने, स्वागत एवं एक गतिविधि- टूर पर जाने की तैयारी, प्रतिभागियों की अपेक्षाओं का संकलन, एजेंडा, विषय, उद्देश्य, एक डिजाइन सिद्धांत, शिक्षक संदशिका की संस्था व उपयोग पर चर्चा, पठन एवं शिक्षण अनुभव, कक्षा प्रबंधन, संवाद का समेकन एवं प्रतिभागियों द्वारा सीख साझा करना, एक- एक पाठ योजना से संबद्ध सहायक शिक्षक सामग्री का निर्माण व प्रस्तुतीकरण, फीडबैक फार्म भरवाने आदि गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और अपने- अपने अनुभव साझा किए।

## पाण्डेय शिक्षा समिति पर लगे गंभीर आरोप

# भविष्यनिधि में करोड़ों का घोटाला!

**जिले में आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा के नाम पर वर्षों से अनुदान ले रही पाण्डेय शिक्षा समिति और आदिवासी सेवक संघ पर कर्मचारियों की भविष्यनिधि (पीएफ) राशि हड़पने का सनसनीखेज आरोप सामने आया है।**

शहडोल।

कर्मचारियों के वेतन से कटने वाली अंश राशि शासन से मिलने के बावजूद न तो भविष्यनिधि खाते खुले और न ही राशि जमा हुई। मामले ने करोड़ों रुपये की अनियमितता का रूप ले लिया है, जिससे वर्षों से कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हित पूरी तरह प्रभावित हुए हैं।


राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (ए.)
(NCT Society Reg.Act 1860XXI)

### शुरुआत से ही गड़बड़ी का खेल

पाण्डेय शिक्षा समिति भमरहा, जिला मैहर वर्ष 1987 से शहडोल जिले में दो विद्यालयों का संचालन कर रही है। इनमें आवासीय आदिवासी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहकी और आवासीय आदिवासी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर शामिल हैं। समिति का पंजीयन क्रमांक 17655 दिनांक 22 जनवरी 1987 को जारी किया गया था। शासन इन विद्यालयों को शत-प्रतिशत अनुदान देता है और कर्मचारियों के वेतन से भविष्यनिधि अंश राशि की नियमित कटौती होती है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि समिति और प्राचार्य द्वारा वेतन से काटी गई अंश राशि को भारतीय स्टेट बैंक बाणसागर और मनकीसर स्थित बैंक खातों में जमा तो किया गया, मगर कर्मचारियों के भविष्यनिधि संगठन में न तो खाते खोले गए और न ही राशि जमा कराई गई। नतीजा यह हुआ कि कई कर्मचारी नौकरी छोड़कर चले गए, कुछ की मृत्यु हो गई, पर उन्हें कोई लाभ नहीं मिला।

### आदिवासी सेवक संघ पर भी गंभीर आरोप

इसी तरह आदिवासी सेवक संघ मुदरिया, तहसील ब्यौहारी, जिला शहडोल** के माध्यम से भी दो विद्यालय—आवासीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर जयसिंहनगर और चंदेला—का संचालन 10 फरवरी 1994 से किया जा रहा है। इस संस्था का पंजीयन क्रमांक 26089 है। कर्मचारियों का वेतन यहां भी केंद्र से आता है, कई-कई महीनों का भुगतान एक साथ मिलता है, लेकिन इस संस्था ने भी न तो भविष्यनिधि खाता खुलवाया और न ही कर्मचारियों को कोई लाभ दिया। यहां भी कर्मचारियों की अंश राशि समिति के सचिव एस.पी. पाण्डेय द्वारा शासन से ली जाती रही, लेकिन कर्मचारियों तक कभी नहीं पहुंची।

### कर्मचारियों के साथ खुली धोखाधड़ी

शिकायत पत्र के अनुसार, यह खेल सिर्फ महीनों या वर्षों का नहीं बल्कि दशकों से चल रहा है। 1987 से अब तक सैकड़ों कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। वेतन से अंश राशि काटकर समिति द्वारा बैंक खातों से निकाली गई रकम करोड़ों रुपये तक पहुंच गई है। कर्मचारियों को न तो सेवानिवृत्ति लाभ मिले और न ही भविष्यनिधि की राशि। यह खुली धोखाधड़ी कर्मचारियों के संवैधानिक और मानवीय अधिकारों का सीधा हनन है।

### मानवाधिकार संगठन ने उठाई आवाज

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (ए.) के संभागीय अध्यक्ष रमाकान्त तिवारी ने इस पूरे मामले की शिकायत कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन के आयुक्त और अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग भोपाल के आयुक्त को सौंपी है। शिकायत में मांग की गई है कि तत्काल समिति और संघ के खातों का मिलान कराकर कर्मचारियों की काटी गई अंश राशि ब्याज सहित भविष्यनिधि खातों में जमा कराई जाए और जिम्मेदार संचालकों पर धोखाधड़ी का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

### शासन की अनदेखी पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि तीन दशकों से अधिक समय तक इस गड़बड़ी को शासन और विभागीय अधिकारियों ने क्यों नहीं पकड़ा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाता रहा, लेकिन कभी भी यह सुनिश्चित नहीं किया गया कि भविष्यनिधि की कटौती कर्मचारियों के नाम पर जमा हो रही है या नहीं। विभागीय लापरवाही ने ही समितियों को वर्षों तक इस हेराफेरी का मौका दिया।

### कई कर्मचारी हुए शिकार

कई कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ दी, कुछ की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन आज तक किसी को भी भविष्यनिधि का लाभ नहीं मिला। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा और परिवार के लिए मददगार यह योजना महज कागजों में सिमटकर रह गई। कर्मचारियों का आरोप है कि यह सीधे-सीधे उनकी मेहनत की कमाई की लूट है। मामले को देखकर साफ है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित आर्थिक अनियमितता है। कर्मचारियों के भविष्यनिधि खातों में जमा की जाने वाली रकम को समिति संचालकों ने या तो हड़प लिया या उसका दुरुपयोग किया। अनुमान है कि यह रकम करोड़ों में पहुंच चुकी है।

### कर्मचारियों के भविष्य के साथ धोखा

मानवाधिकार संगठन की शिकायत के बाद अब यह मामला तूल पकड़ सकता है। यदि शासन ने कठोर कदम नहीं उठाए तो यह सिर्फ कर्मचारियों का ही नहीं बल्कि सरकारी अनुदान व्यवस्था की साख पर भी गहरा सवाल होगा। पाण्डेय शिक्षा समिति और आदिवासी सेवक संघ पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं। यह सिर्फ वित्तीय अनियमितता नहीं बल्कि कर्मचारियों की जिंदगी और भविष्य के साथ किया गया बड़ा धोखा है।

## महाविद्यालय में मिट्टी के गणेश प्रतिमा निर्माण करने कार्यशाला



उमरिया।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग केंद्र प्रदेश अनुसार छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से जोडऩे के लिए माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के माध्यम से गणेश जी की कलाकृति मूर्ति अपने हाथों से निर्माण की ।भारतीय संस्कृति में गणेश जी को विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य बुद्धि के देवता एवं सामाजिक समरसता एकरूपता के लिए जाना जाता है । गणेश जी के इन्हीं गुणों को छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में अवतरित करना चाहिए उपरोक्त विचार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी बी सोंदिया ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ निशी कर्ण रही एवं संचालन डॉ स्वराज पाल द्वारा किया गया द्य मंचीय कार्यक्रम में डॉ नवीन उपाध्याय, डॉ राजीव तिवारी ,डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ विष्णुकांत तिवारी ने कार्यक्रम की सार्थकता महत्व एवं पर्यावरण जागरूकता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया। सिद्ध गणेश प्रतिमाओं के निर्माण महाविद्यालय के डॉ जुगल किशोर, डॉ सपना झारिया , डॉ अनुपम सिंह, डॉ रश्मि , डॉ रिचा , डॉ किरण सहित बीए बीएससी बीकॉम के छात्र छात्रा रोहिणी श्याम प्रथम,प्रीति विश्वकर्मा संजना विश्वकर्मा, रेणु सिंह द्वितीय प्रियंका साहू चांदनी साहू वंदना साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही साथ ही कान्हा ,विकास पांडे ,सुनैना यादव अनु को, सुषमा यादव ,दीपेश साकेश आदि ने गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सेदारी की।

## कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण





उमरिया।

कलेक्टर ने मानपुर विकास खंड के ग्राम परासी में शासकीय हाई स्कूल , उप स्वास्थ्य केंद्र , आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बताया गया कि शासकीय हाई स्कूल में बच्चों से मीनू अनुसार भोजन मिलने, खाने की गुणवत्ता, पाठ्य पुस्तक मिलने आदि के संबंध में पूछताछ की। कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि मन लगाकर अपने अध्यापन का कार्य करें, तथा एक अच्छे पदों पर पहुँच कर देश की सेवा करे। इस दौरान उन्होंने शिक्षको के उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। विद्यालय में पदस्थ पांच शिक्षको में से 2 शिक्षको को ट्रेनिंग में जाना बताया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान सी एच ओ ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र बी पी, शुगर की जांच , मलेरिया किट के साथ ही दवाइयां उपलब्ध है। उप स्वास्थ्य केंद्र में एक ए एन एम, आशा कार्यकर्ता द्वारा सेवाए दी जा रही है । कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से नास्ता, भोजन प्रदाय किया जा रहा है । इस दौरान आंगनबाड़ी में उपलब्ध हैंडपंप के माध्यम से खराब पानी आने की बात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कही गई, जिस पर उन्होंने समस्या का निदान कराने की बात कही।

## आयोजित किया गया ई-फ़ाइलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

प्रधान जिला न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती माया विश्व लाल के निर्देशन पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोतमा विक्रम सिंह न्यायाधीश अरविंद कुमार बरला न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कोतमा राजेश सोनी की उपस्थित में पवन सिंह जूनियर सिस्टम एनालिसिस एवम आईटी अस्सिटेंट लोकेश कुमार वर्मा द्वारा ई फ़ाइलिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे वर्तमान परिवेश में न्यायालय के काम काज इलेक्ट्रोनिक माध्यम से किये जाने के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। साथ हीं नवीन प्रकरण को ई फाइलिंग के माध्यम से दर्ज कराने, अपनी आई डी जेनरेट करने व भविष्य में घर बैठे सातो दिन चौबीस घंटे न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रकाश शुक्ला अरुण सोनी सहसराम यादव अब्दुल अजीज राजेश शर्मा, संतोष मिश्रा, धीरेन्द्र तिवारी, बद्री केवट, शिवचरण केवट वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता गणों की उपस्थिति रही।

## सीईओ जिला पंचायत ने मुडग़ुड़ी गौशाला का किया निरीक्षण

उमरिया।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने मुडग़ुड़ी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला संचालकों को बेहतर ढंग से गौशाला संचालन करने का निर्देश दिए द्य साथ ही सीईओ सर ने कहा कि गौशाला की कोई भी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी द्य इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, सरपंच, सचिव , एस डी ओ आर ई एस, सहित अन्य लोग उपस्थित थे



## हायर सेकेंडरी स्कूल निपानिया में जागरूकता शिविर सम्पन्न



उमरिया।

एड्स नियंत्रण समिति जिला उमरिया नोडल अधिकारी डॉक्टर मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के अदेशानुसार सघन जागरुकता अभियान एचआईवी/एड्स एवं एसटीआई कार्यक्रम के अंतर्गत अनुज रजक (लैब टेक्नीशियन) द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल निपानिया में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 140 छात्र -छात्राए कार्यक्रम में उपस्थित रहें जिसमे स्कूल के प्राचार्य से एस एस धुर्वे एवं स्टाफ भी उपस्थित रहें।

### श्रमिक कॉलोनी में अव्यवस्था हावी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत श्रमिक कालोनी मे अव्यवस्था हावी है। साफ सफाई के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं बदहाल है इसका मुख्य कारण है प्रबंधन की। जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत गोबिंदा कालोनी के बी टाइप मे शनिवार को सुबह सात बजे से विद्युत सप्लाई बाधित हो गई बताया जा रहा है जिस ट्रांसफार्मर से कालोनी मे विद्युत सप्लाई की जाती है उस टांसफार्मर मे खराबी आ जाने के कारण कालोनी वासी पूरी रात अंधेरे मे रात बिताने को मजबूर हुए। कालोनी में पूरी रात घुप्प अंधेरा छाया रहा साथ ही पूरी रात बारिश होने के कारण कालोनी मे निवास करने वाले सांप बिच्छू के घर में घुसने के डर से रात जागरण करते हुए बिताया। रविवार को दोपहर तक विद्युत सप्लाई बाधित रही। प्रबंधन की लापरवाही के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## कलेक्टर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा का किया निरीक्षण

उमरिया।

**कलेक्टर ने मानपुर विकासखंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा 1 से 8 तक मे कुल विद्यार्थियों की संख्या 53 है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से मीनू के अनुसार भोजन मिलने की हकीकत जानी, जिस पर बच्चों ने मीनू के अनुसार भोजन मिलना बताया। साथ ही उनके पठन पाठन के संबंध में जानकारी प्राप्त की ।**



निरीक्षण के दौरान पाया कि किचन ध्वस्त अवस्था में है , जिस पर बताया गया कि किचन के लिए ऑफ लाइन , ऑनलाइन भेजा जा चुका है। मध्यान्ह भोजन लक्ष्मी स्व सहायता समूह द्वारा बनाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि दीवार पर मिलने वाले भोजन का मीनू दीवार पर लिखवाया जाए, साथ ही बच्चों को गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को पकड़ा



**छतरपुर।** थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिदोनिया में वर्ष 2022 में फरियादी देवीदीन पटेल के घर से बर्तन चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना बमीठा में चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के संबंध में पता लगाकर गिरफ्तारी हेतु विभिन्न स्थानों में दबिश दी जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी संतोष पटेल पिता कटुआ पटेल निवासी ग्राम दिदोनिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से चोरी किए गए पीतल, कांसे धातु के बर्तन कीमत करीब 16000 रुपए बरामद किए गए अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रीय, प्रधान आरक्षक रामकृपाल शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरविंद सिंह, आरक्षक शैलेंद्र सिंह की भूमिका रही।

### पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़क पर उतरी ओबीसी महासभा



**छतरपुर।** पिछले कुछ वर्षों में जिले के भीतर पिछड़ा, एससी-एसटी और माइनॉरटी के लोगों के साथ हुई बड़ी आपराधिक घटनाओं को सूचीबद्ध कर रविवार को ओबीसी महासभा सड़क पर उतरी। सर्वप्रथम मोटे के महावीर मंदिर में एक सभा आयोजित की गई, जिसके बाद सैकड़ों लोग रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।दोपहर 12 बजे ओबीसी महासभा ने मोटे के महावीर मंदिर में सभा की, जिसमें सामाजिक और आपराधिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद रैली मंदिर से शुरू होकर छत्रसाल चौक, आकाशवाणी तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। ओबीसी महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राकेश लोधी ने बताया कि ओबीसी महासभा ने कहा कि जिले में कई ऐसे मामले हैं, जिनमें वर्षों बाद भी पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मुला है। इसके अलावा कई लोगों पर फर्जी मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि विनोद राठौर (साहू) की हत्या करने वाले श्याम बिहारी दुबे उर्फ हल्के महाराज को गिरफ्तार कर उनके मकान पर बुल्डोजर चलाया जाए। गनेश पाल और क्रांति पाल को भद्दी गालियां देने वाले लोक पाल सिंह को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गुंडा एक्ट की धारा जोड़ी जाए और उनके चार बंदूक लाइसेंस निरस्त किए जाएं। बिलहरी नौगांव में पंकज प्रजापति की हत्या के फरार आरोपियों नवीन पटेरिया और रामसेवक अरजरिया को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पार्वती आदिवासी के पति प्राण सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या की गहन जांच कर दोषियों को जेल भेजा जाए। पुष्पेंद्र कुशवाहा पर षड्यंत्रपूर्वक दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाए। सन 1997-98 में छतरपुर जिले में जारी 25,000 पट्टों का कब्जा दिलवाया जाए, राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज न किए गए पट्टों को दर्ज किया जाए और निरस्त पट्टों को बहाल किया जाए। थाना खजुराहो में दर्ज चर्चित सलमान खान की हत्या के मामले में दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। साथ ही, थाना खजुराहो में दिल्लन कुशवाहा पर दर्ज फर्जी मुकदमे की निष्पक्ष जांच की जाए।

## नौगांव बीआरसीसी के खिलाफ फूटा कर्मचारियों का गुस्सा

# 28 कर्मचारियों ने लगाया मनमानी, अपमानजनक व्यवहार और कार्यों में लापरवाही के आरोप, ज्ञापन सौंपकर हटाने की मांग

नौगांव

नौगांव जनपद शिक्षा केन्द्र का माहौल इन दिनों ठीक नहीं। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) अनुराग खरे की कार्यशैली से नाराज होकर शुक्रवार को पूरे अमले ने खुलकर विरोध जताया। 28 कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर, जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) और जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए बीआरसीसी को तत्काल पद से हटाने की मांग की। कर्मचारियों ने जो 8 सूत्रीय शिकायती पत्र सोपा है उनमें नौगांव बीआरसीसी अनुराग खरे पर मनमानी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।




नौगांव में पदस्थ बीआरसीसी अनुराग खरे पिछले लंबे समय से मनमानी करने पर तुले हुए हैं। गत दिनों नौगांव में आयोजित हुई जनसुनवाई के बाद जिला परियोजना समन्वयक अरुण शंकर पांडे ने एक बैठक लेकर बीआरसी खरे को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाने और मनमानी न करने की कड़ी हिदायत दी थी, उसके बाद भी उन्होंने अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं किया, परिणाम स्वरूप 22 अगस्त को नौगांव विकासखंड क्षेत्र के 28 प्रमुख कर्मचारियों ने लामबंद होकर अपने अधिकारी के खिलाफ शिकायती पत्र सौंप दिया। यह पहला मौका है जब अपने ही वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने एकत्रित होकर उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए ज्ञापन सोपा है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बीआरसीसी अनुराग खरे जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में या तो खुद भाग नहीं लेते या फिर वहां लिए गए निर्णयों और योजनाओं की जानकारी अधीनस्थ अमले तक नहीं पहुंचाते। इससे कई योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन नहीं हो पाता। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि कार्यालयीन सूचना आदान-प्रदान के लिए बनाए गए व्हाट्सऐप ग्रुप से कई बीएसी और जनशिक्षकों को बिना किसी कारण हटा दिया गया।अपनी बात रखने का मौका नहीं, उल्टे डांट-डपट देते हैं।कर्मचारियों का कहना है कि विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठकें और बीपीएमयू में जनशिक्षकों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर नहीं दिया जाता, और यदि कोई आवाज उठाता है तो उन्हें डांटकर दबा दिया जाता है। कई जनशिक्षकों को तो जिम्मेदारियों से पृथक कर दिया गया है।

### स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण विवाद -

कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर भी गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। 14 अगस्त को निकले आदेश में साफ लिखा था कि 15 अगस्त को सुबह 8 बजे ध्वजारोहण होगा, लेकिन अगले दिन कार्यक्रम 7:30 बजे ही कर लिया गया, जब अधिकांश कर्मचारी पहुंचे ही नहीं थे। इससे कर्मचारियों में अपमान और असंतोष की भावना फैली। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय पर्व पर मिष्ठान वितरण भी नहीं कराया गया। कर्मचारियों का कहना है कि यह वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की भी अवहेलना है। बीआरसी खरे की कार्यशैली इतनी निकृष्ट है कि कार्यालय और प्रशिक्षण अव्यवस्थित चल रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप है कि कार्यालय और शौचालयों की साफ-सफाई तक नियमित नहीं होती। विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षणों में न भोजन की पर्याप्त व्यवस्था होती है और न ही बुनियादी सुविधाएँ दी जाती हैं। इसके अलावा पूर्व प्रशिक्षण प्रभारी अमर सिंह राय का FLN प्रशिक्षण का भुगतान आज तक लंबित है। कर्मचारियों का कहना है कि इससे कार्य करने में असहजता होती है और माहौल तनावपूर्ण हो जाता है। कर्मचारियों को आपस में भड़काने का आरोप भी लगाया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि बीआरसीसी अनुराग खरे कर्मचारियों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काते हैं, जिसके कारण बार-बार कार्यालय का माहौल बिगड़ता है और कार्य प्रभावित होता है।

### पाठ्यपुस्तक वितरण में भी लापरवाही -

निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण वर्ष 2025-26 के लिए बीआरसीसी कार्यालय से विद्यालयों तक कराना था, लेकिन इसे भी नियम विरुद्ध तरीके से जनशिक्षा केन्द्र से कराया गया। कर्मचारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया से शिक्षकों में असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है। पूरा अमला एकजुट होकर 28 कर्मचारियों ने हस्ताक्षरित होकर ज्ञापन सौंपा है। इस विरोध में बीएसी, एमआईएस, एमआरसी और जनशिक्षक सभी शामिल रहे। ज्ञापन पर कुल 28 कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं। इनमें अनुपम त्रिपाठी, सुरेश कुमार पटेल, उमाशंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र अहिरवार, जगदीश सोनी समेत कई वरिष्ठ कर्मचारी शामिल हैं। ज्ञापन के अंत में कर्मचारियों ने साफ कहा है कि इन परिस्थितियों में वे मनोयोग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे विकासखण्ड स्तर पर शिक्षा योजनाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि बीआरसीसी अनुराग खरे को पद से हटाकर किसी अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए।

## ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक, युवक की मौत, दो घायल



**नौगांव।** शहर के पॉलिटेक्निक तिराहे पर शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रहे ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़ंत में 22 वर्षीय युवक अंकित यादव पुत्र राजेंद्र निवासी सरदारपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठे दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन युवक बाइक पर सवार होकर पॉलिटेक्निक तिराहे की ओर जा रहे थे। मोड़ पर अचानक सामने से आ रहे ट्रैक्टर से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अंकित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अंकित की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया गया कि उसकी शादी ग्राम खुर्दा में तय हो चुकी थी और परिजन विवाह की तैयारियों में जुटने वाले थे। बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया और पूरे गाँव में मातम पसर गया। अन्य दो युवक भी हादसे में घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। उधर पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## दिन भर नहीं थमी आधी रात से शुरु हुई बारिश

# उमस भरी गर्मी से मिली राहत, ओवर फ्लो हुए जल स्त्रोत

**छतरपुर।** जिले में शनिवार की आधी रात से रविवार को पूरे दिन रुक-रुककर बारिश होती रही, जिसने इस वर्ष जिले में पहले से ही हो चुकी भरपूर बारिश को और बढ़ा दिया। इस बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी, लेकिन पहले से भरे जलस्त्रोतों के ओवरफ्लो होने और हाट-बाजारों पर असर पडऩे से जनजीवन प्रभावित हुआ।

जिले के जलस्त्रोत, जैसे नदियां, तालाब और बांध पहले से ही लबालब थे और लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर ओवरफ्लो की स्थिति पैदा हो गई। रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजारों में भी बारिश का व्यापक असर देखा गया। हर सप्ताह की तरह न तो दुकानें लगीं और न ही ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी। कई व्यापारी और ग्राहक बारिश के कारण बाजारों तक नहीं पहुंच सके, जिससे स्थानीय व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि, बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दी, जिसका युवा वर्ग ने खूब आनंद उठाया। शहर के विभिन्न स्थानों



पर युवा बारिश में भीगते और मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए। यह बारिश जहां एक ओर राहत लेकर आई, वहीं जलभराव और बाढ़ जैसे हालात की आशंका ने प्रशासन को सतर्क कर दिया। जिले में इस वर्ष औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है, और मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने और नदियों व तालाबों के पास न जाने की अपील की है।

## गणेश चतुर्थी व ईद मिलादुन्नबी पर्व पर शांति समिति की बैठक

# प्रशासन ने दिए निर्देश, सिर्फ गर्रोली नदी में होगा विसर्जन

नौगांव।

आगामी दिनों में मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी और ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, एसडीएम गोपाल शरण पटेल, तहसीलदार पीयूष दीक्षित, एसडीओपी अमित मेश्राम, बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल और थाना प्रभारी सतीश सिंह के अलावा बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले गणेश उत्सव, 5 सितंबर को मनाए जाने वाले ईद मिलादुन्नबी तथा 6 सितंबर को होने वाले गणेश विसर्जन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि दोनों ही पर्व नगर की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान हैं, इसलिए इन्हें शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। बारिश से बढ़ा तालाबों का जलस्तर, विसर्जन सिर्फ नदी में होगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष भारी वर्षा के कारण मऊसहानिया तालाब, जगत सागर तालाब और धुबेला तालाब में जलस्तर काफी बढ़ गया है। पानी उफान पर होने से विसर्जन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसीलिए प्रशासन ने निर्णय लिया कि इस बार गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन केवल गर्रोली से बहने वाली धंसान नदी में किया जाएगा। यहां पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस बल, राजस्व अमला, नगर पालिका स्टाफ और गोताखोरों की विशेष टीम तैनात रहेगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि विसर्जन स्थल पर बच्चों और बुजुर्गों को ले जाने से बचें, क्योंकि पानी का बहाव तेज है और खतरे की संभावना बनी रहती है।

5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगा, जिसके लिए प्रशासन ने पुलिस बल की तैनाती और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। अगले दिन 6 सितंबर को नगर की सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इसके लिए रूट डायवर्ट किए जाएंगे और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसबल तैनात रहेगा। वहीं एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने आयोजकों से अपील की कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने कहा कि पुलिस-प्रशासन हर स्तर पर मुस्तैद है। यदि किसी भी तरह की समस्या या अफवाह सामने आती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे।

## राजनगर एवं महाराजपुर पुलिस ने अवैध धारदार हथियार सहित 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस द्वारा विगत दिनों में छतरपुर जिले में 410 से अधिक आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें अवैध हथियार निर्माण फैक्टरियों में छापामार कार्यवाही भी है। थाना राजनगर एवं महाराजपुर पुलिस को रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान क्षेत्र अंतर्गत अवैध धारदार हथियार सहित संदिग्धों की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। थाना राजनगर पुलिस ने रामबाग राजनगर से आरोपी सहीद खान पिता वहीद खान निवासी रामबाग राजनगर को अवैध धारदार हथियार लोहे का बका सहित गिरफ्तार किया। थाना महाराजपुर पुलिस ने मुक्तिधाम के पास से आरोपी जग प्रसाद प्रजापति पिता पुराण प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 2 महाराजपुर को अवैध धारदार हथियार लोहे का बका सहित गिरफ्तार किया।

दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित थाने राजनगर एवं महाराजपुर में आयुध अधिनियम के तहत पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना राजनगर पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी सहीद खान जुआ, अवैध हथियार, आबकारी, मारपीट, अवैध वसूली जैसे 10 अपराधों में लिप्त है। विधिवत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजनगर परसराम डाबर, थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डीके सिंह, थाना राजनगर से प्रधान आरक्षक सूर्य प्रकाश, आरक्षक शिवकुमार, प्रभात एवं थाना महाराजपुर से सहायक उप निरीक्षक लोचन सिंह, प्रधान आरक्षक रामजन्म, आरक्षक अवधेश की भूमिका रही।

## 315 बोर देशी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना प्रकाश बम्होरी पुलिस को रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान ग्राम अभऊ लौसी तिराहा में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम लौसी तिराहा पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा, 315 बोर देशी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया।



अभियुक्त रोहित सिंह पिता शिवराज सिंह निवासी ग्राम अभऊ के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विधिवत कार्यवाही की गई। विवेचना कार्यवाही जारी है। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रकाश बम्होरी उप निरीक्षक सुमित सुमन, सहायक उप निरीक्षक रामाप्रसाद, प्रधान आरक्षक हल्के प्रसाद, आरक्षक पवन, छोटेलाल, अमर सिंह, हरपाल की भूमिका रही।

## मटकी फोड़ कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

**ईशानगर।** स्व. डॉ राजेंद्र सिंह परमार की पुण्य स्मृति में इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर पड़ाव चौराहा में परंपरागत मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन बडे हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह एवं विधायक पुत्र धनंजय शुक्ला ने की। अतिथियों ने भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर पर पूजा, अर्चना कर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि धनंजय शुक्ला ने अपने उद्बोधन में आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह परंपरा समाज को एकजुट करती है। उहोंने घोषणा करते हुए आयोजन समिति को 11000 रूपये की राशि प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ देते हुए गीता के उपदेशों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया और आयोजन की परंपरा को समाज की एकता का प्रतीक बताया। वहीं मटकी फोड़ कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया और प्रथम स्थान पर नन्ही बंधी, द्वितीय स्थान पर ग्वालटोली पठादा, तीसरे स्थान पर मां दुर्गा क्लब तोरना को नगद इनाम देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक राहुल परमार, जिला पंचायत सदस्य शशिकांत शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत गुप्ता, आशीष असाटी, मोनू जड़ी बूटी, टीपू राजा, राम सिंह राजा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कट्टा, कारतूस सहित दो आरोपी पकड़े

**छतरपुर।** थाना गढ़ी मलहरा पुलिस को रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान पृथक पृथक स्थान महोबा रोड एवं लुगासी रोड में अवैध हथियार सहित संदिग्धों की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा। सागर कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग अटरा सरकार के पास से 32 बोर अवैध पिस्टल एवं 4 कारतूस सहित आरोपी लकी चौरसिया पिता नरेश चंद्र चौरसिया निवासी वार्ड क्रमांक 12 कस्बा गढ़ी मलहरा को गिरफ्तार किया गया। लुगासी रोड मंदिर के पास से 12 बोर अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस सहित आरोपी निखिल चौरसिया पिता ज्ञान चंद्र चौरसिया निवासी वार्ड क्रमांक 7 कस्बा गढ़ीमलहरा को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गढ़ी मलहरा निरीक्षक रीता सिंह, प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी, आरक्षक दशरथ, आरक्षक योगेश रिछारिया की भूमिका रही।



## वार्डों में डोर टू डोर कचरा के लिए नही पहुंच रहे नपा के वाहन

# डीजल बचाने सफाईकर्मी ट्रेचिंग ग्राउंड के बजाय वार्डों में खाली जगह फेंक रहे कचरा

**हरपालपुर।** नगर से 6 किलो दूर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर प्रतिदिन कचरा फेंकने के लिए नगर परिषद के पास पर्याप्त कचरा वाहन हैं। इसके बावजूद सफाई कर्मचारी इस कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाने के बजाय वार्डों में खाली जगह पर डंप कर रहे है ताकि डीजल बच जाए। वहीं कॉलोनी में कचरा डंप होने से वार्डवासी बदबू से परेशान हो रहे हैं। इस समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों द्वारा नगर परिषद अधिकारियों से शिकायत भी की है लेकिन अधिकारियों की अनदेखी से लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है।

गौरतलब हैं कि नगर को साफ स्वच्छ रखने के लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारी के साथ डोर टू डोर कचरा लेने उक्त कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड ले जाने के लिए लोडिंग वाहन हैं। इसके बाद भी नगर की सफ़ाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हैं। नगर के 15 वार्डो में डोर तो डोर कचरा कलेक्शन के लिए कचरा वाहन नहीं पहुंच रहे हैं। कचरा वाहन समय पर नहीं आने से लोग सड़कों, वार्ड में पड़ी खाली जमीन पर कचरा फेंक रहे हैं। वार्ड की गलियों में कचरा गाड़ी न आकर मोहल्लो के मैन रोड पर आकर चली जाती है। इस स्थिति में वार्ड के लोग इन कचरा गाडियों में कचरा नहीं डाल पाते हैं।



वही जिन वार्ड की गलियों में कचरा गाड़ी नहीं जा पाती है वहाँ सफाई कर्मचारी हाथ ट्रॉली से कचरा कलेक्शन कर वार्ड में खाली जमीन पर डंप करते हैं जो कई दिनों तक ऐसे ही पड़ा रहता है जिसकी बदबू से आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं।

### यहाँ डंप किया जा रहा कचरा

ट्रंरेचिंग ग्राउंड में कचरा न लेकर जाकर सफाईकर्मी पुराने स्टेट बैंक के पास, वार्ड 10 में कल्लू अहिरवार के घर के सामने, गर्ल्स स्कूल के पीछे, पुरानी गल्ला मंडी में कचरा डंप कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारी डीजल बचाने जानबूझकर इन स्थानों पर कचरा डंप करते हैं ये कचरा 10 से 15 दिनों तक ऐसे ही पड़ा रहता है। कचरा वाहन चालकों को चार से पांच दिनों में 15 से 20 लीटर डीजल मिलता है।

### नाले नालियों की नहीं हो रही सफाई

नगर में नाले नालियों की सफाई नहीं होने सीवेज ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हैं। इसके बावजूद नगर परिषद नाले नालियों की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। नगर के नाले कचरे से चौक होने की वजह से बारिश में गली मोहल्लों की सड़कों पर पानी भर जाता हैं।

### इनका कहना हैं

वार्डो से निकलने वाला कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड में फेंका जाता है किस वार्ड में डोर टू डोर कचरा गाड़ी नहीं जा रही हमें जानकारी दें हम कार्रवाई करते हैं। अगर कोई सफाई कर्मचारी खुले में कचरा डंप करते हैं तो हम उनके खिलाफ कार्रवाही करते हैं।

**शैलेन्द्र सिंह चौहान,**
**सीएमओ नगर परिषद** हरपालपुर

## खबर संक्षेप

### सिरमौर न्यायालय के लिपिक मुनेन्द्र नाथ त्रिपाठी को शीघ्र उपस्थिति के निर्देश

रीवा । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने सिरमौर व्यवहार न्यायालय में तलवाना लिपिक के पद पर कार्यरत मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी को तत्काल कर्तव्य में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मुनेन्द्रनाथ त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय सुरेश कुमार त्रिपाठी आयु लगभग 55 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 14 संजय/नेहरू नगर रीवा, जिला न्यायपालिका रीवा में सहायक ग्रेड तीन के पद पर नियोजित होकर सिरमौर व्यवहार न्यायालय में तलवाना लिपिक के पद पर कार्यरत थे। वह 5 फरवरी 2025 से लगातार वर्तमान तक कर्तव्य से अनुपस्थित हैं। उनके विरूद्ध अजीत कुशवाहा निवासी हरदुआ तहसील सेमरिया द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत प्रस्तुत की गई है। इस संबंध में त्रिपाठी को जवाब प्रस्तुत किया जाना है। प्रधान जिला एवं स्त्र न्यायाधीश ने त्रिपाठी को तत्काल कर्तव्य में उपस्थित होने और शिकायत के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।


### अब शिक्षकों के साथ ही संस्था प्रमुखों की ई-अटेंडेंस अनिवार्यलोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया फरमान

रीवा। लोक शिक्षण संचालनालय ने रीवा सहित सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के साथ ही संस्था प्रमुखों की भी उपस्थिति अब ई-गवर्नेस प्लेटफार्म के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। निर्देश में कहा गया है कि 'हमारे शिक्षक' ई-गवर्नेस प्लेटफार्म पर शिक्षकों की ई अटेंडेंस की सुविधा उपलब्ध हैं, लेकिन हाल ही में प्राप्त मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार कई स्कूलों में संस्था प्रमुख खुद उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं। इससे अधीनस्थ शिक्षक भी ई अटेंडेंस से वंचित रह जाते हैं। संचालनालय ने कहा है कि जिले के सभी प्राचार्यों और शैक्षणिक स्टाफ की ई-अटेंडेंस नियमित रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए संस्था प्रमुखों की उपस्थिति की निगरानी के लिए अलग पोर्टल की व्यवस्था भी की गई।

अटेंडेंस को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने नेत्रहीन शिक्षकों, कर्मचारियों को राहत दी है। आदेश में कहा गया है कि सार्थक ऐप में अभी नेत्रहीनों को तीन महीने तक राहत रहेगी। कुछ दिन पहले ही समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई थी कि नेत्रहीन अधिकारी-कर्मचारियों को ई-अटेंडेंस में उपस्थिति दर्ज कराने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लिहाजा अभी ये मेनुअली उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अगले तीन महीने के बाद इनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने जबलपुर के एक कार्यक्रम किया ऐलान, 150 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

# रीवा को मिली नई उड़ान, शहर में बनेगा विंध्य क्षेत्र का सबसे लंबा फ्लायओवर



रीवा।

विंध्य अंचल के सबसे तेजी से बढ़ते शहर रीवा को यातायात के दबाव से निजात दिलाने और अधोसंरचना को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रीवा के लिए 150 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले फ्लाईओवर के स्वीकृति की घोषणा कि। यह घोषणा उन्होंने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल की मांग पर की जो इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। नया फ्लाईओवर कॉलेज चौराहा, कमिश्नर बंगला से बस स्टैंड और ढेकहा तिराहा होते हुए विष्णु एंपायर होटल तक बनाया जाएगा। यह फ्लाईओवर अब तक का रीवा का सबसे बड़ा होगा। इसकी लंबाई लगभग ढाई किलोमीटर होगी जबकि चौड़ाई 12 मीटर बताई गई है। यह फ्लायओवर न केवल शहर के लिए एक महत्वपूर्ण यातायात साधन बनेगा, बल्कि यह अब तक का सबसे लंबा फ्लायओवर भी होगा। हालांकि, इस परियोजना की नींव वर्षों पहले ही रख दी गई थी। प्रारंभिक सर्वे करीब तीन वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग के सेतु शाखा द्वारा कराया गया था, जिसमें कॉलेज चौराहे से लेकर देकहा तिराहा तक का क्षेत्र चिन्हित किया गया था। उस समय इसकी अनुमानित लंबाई 1600 मीटर तथा लागत लगभग 90 करोड़ रुपए आंकी गई थी। अब नए ट्रैफिक लोड और शहरी विकास योजनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव को संशोधित किया जा रहा है।आईटी पार्क और बढ़ते यातायात को ध्यान में रखकर नया



डिजाइनबता दे कॉलेज चौराहे के समीप आईटी पार्क की स्थापना प्रस्तावित है, जिसका निर्माण कार्य जारी है। तैयार होने के बाद इस क्षेत्र में वाहनों का दबाव और बढ़ेगा। इसी को देखते हुए फ्लायओवर की ड्राइंग और संरचना में तकनीकी बदलाव किए जा रहे हैं। बॉक्स पुराने प्रस्ताव को मिली नई ऊर्जागौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2022 में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मोहनिया टनल के लोकार्पण के दौरान ढेकहा तिराहा में फ्लायओवर की बात कही थी। उस परियोजना पर प्राथमिक स्तर पर सर्वे हुआ था, लेकिन वह प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने दिल्ली में गडकरी से मुलाकात कर फ्लायओवर की मांग को दोहराया था, जिसके बाद इसे हरी झंडी मिली है।बॉक्सभूगोलिक और तकनीकी चुनौतियाँफ्लायओवर की मार्गरेखा में कई प्राकृतिक और भौगोलिक बाधाएं हैं। इसमें बीहर नदी और झिरिया नाला जैसे जलस्त्रोत शामिल हैं, जिन पर विशेष इंजीनियरिंग समाधान के तहत बड़े पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा जय स्तंभ चौक, रेवांचल बस स्टैंड और ढेकहा तिराहा जैसे अति व्यस्त ट्रैफिक पॉइंट्स जैसे भारी ट्रैफिक के स्थानों को भी मद्देनजर रखते हुए काम किया जाएगा।बॉक्सरीवा की यातायात व्यवस्था में होगा बड़ा बदलावनए फ्लायओवर के बन जाने के बाद रीवा की यातायात व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर शहर के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों को जोड़ने वाले मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को घंटों के जाम से राहत मिलने की संभावना है। इस फ्लाईओवर बन जाने के बाद बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक और ढेकहा तिराहा पर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलेगी। अभी तक लोग जाम में फंसते थे। खासकर सतना, मैहर, प्रयागराज, बनारस जाने वाले लोगों के लिए सबसे अधिक सहूलियत होगी। यही नहीं रेवांचल एक्सप्रेस पकड़ने के दौरान जाम से निजात मिलेगी।बॉक्सशहर में पहले से तीन फ्लाईओवररीवा में इसके पहले भी यातायात सुधार के लिए बड़े निर्माण हुए हैं। कॉलेज चौक से प्रयागराज मार्ग में थ्री-लेन फ्लाईओवर बना है। इसी तरह से समान तिराहा में थ्री-लेग फ्लाईओवर तैयार किया गया है। सतना रोड पर रेलवे ओवरब्रिज का चालू है, अमहिया मार्ग में भी फ्लाईओवर बनाए जाने की रूपरेखा तैयार हो चुकी है। इसलिए इस मार्ग के अतिक्रमणकारियों को नोटिस दी चुकी है। लगभग 150 लोग इस मार्ग के आवागमन को अवरुद्ध करने में शामिल है। नए फ्लाईओवर को लेकर शहरवासियों में उत्साह है। इसे रीवा की आधुनिक यातायात व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

## रीवा में मातृ मृत्यु दर व नवजात शिशु मृत्यु दर को न्यून करने की चुनौती को अवसर के तौर पर लें - उप मुख्यमंत्री



रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मातृ मृत्यु दर व नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने में समन्वित प्रयास आवश्यक है। रीवा जिले में इस चुनौती को अवसर के तौर पर लेना होगा। जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य व महिला बाल विकास के मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारी लोगों को जागरूक करें तथा मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को न्यून करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के तत्वाधान में नवजात बच्चों की देखभाल एवं किशोर मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों की प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के विन्ध्या रिट्रीट होटल में आयोजित कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में नवजात शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय सूचकांक से अधिक है। इसे कम करने के लिए कृत संकल्पित होना होगा। रीवा जिले को जनप्रतिनिधि व विभागीय मैदानी अमला चुनौती मानकर पूरे दृढ़ संकल्प के साथ इसे न्यून करेंगे। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कराकर उनकी नियमित जाँच की जाए। स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रत्येक माह की 9 व 25 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्र में अनिवार्यतः उपस्थित रहें और इनकी जाँच करें। शुक्ल ने कहा कि टेलीमेडिसिन सुविधा का लाभ प्राप्त कर वरिष्ठ चिकित्सकों से भी परामर्श लेकर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच व इलाज कराएं। उन्होंने यूनिसेफ के प्रतिनिधि से अपेक्षा की कि कलेक्टर द्वारा सुझाए गए क्लस्टर के गांवों में शत-प्रतिशत महिलाओं व नवजात शिशुओं के इलाज व जाँच में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम के सहयोग व निष्ठापूर्वक किए गए कार्य से ही रीवा जिले में आगामी 6 माह में सार्थक परिणाम सामने आएंगे और इस कार्यशाला का औचित्य सफल होगा। शुक्ल ने परामर्श दिया कि स्कूल जाने वाली बालिकाओं के स्वास्थ्य की भी



नियमित जाँच हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में सभी सहभागी बनें। प्रदेश सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की उपलब्धता की दिशा में कारगर प्रयास जारी हैं।कार्यशाला में गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के प्रयास जारी हैं। जनप्रतिनिधि व विभागीय अमला शिशु व मातृ मृत्यु दर को कम करने में अपनी भूमिका का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे।

कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि यूनिसेफ द्वारा जिले में पाँच क्लस्टर का चयन कर स्वास्थ्य, महिला बाल विकास व ग्रामीण विभाग के सहयोग से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए शत-प्रतिशत महिलाओं की जाँच के साथ ही उस क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का भी कार्य किया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को जिले में शिशु व मातृ मृत्यु दर कम करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने इच्छाशक्ति के साथ कार्य करते हुए मैदानी अमले की मुख्यालय व अस्पतालों व गांव में उपस्थिति के साथ अपना शत-प्रतिशत योगदान देने की अपेक्षा की। कार्यशाला को यूनिसेफ के डॉ प्रशांत कुमार ने भी संबोधित किया। एनएचएम के संयुक्त संचालक डॉ प्रभाकर तिवारी ने कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ल ने किया तथा संचालन डॉ सुनील अवस्थी द्वारा किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सौरभ सक्सेना, जनपद के सीईओ, स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर, 4 वर्षीय मासूम की गई जान, नाराज परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम,

रीवा।

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के लालगांव चौकी अंतर्गत सड़क पार कर रहे मासूम बालक को बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल कृष्णा यादव पुत्र बुद्धसेन यादव 4 वर्ष निवासी भलुहई को संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार की सुबह नाराज परिजनों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध होने की जानकारी दी जिसके बाद परिजन मान गए और उसका अंतिम संस्कार किया गया। घटना की संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह ग्राम पंचायत बांस में भलुहई मोड़ के पास बघेल बस क्रमांक एमपी 17 पी 0672 ने सड़क पार कर रहे बालक को ठोकर मार दी थी, घटना की कृष्णा यादव के सिर और हाथ पैर में गंभीर चोट आई थी, जिसकी उपचार के दौरान जान चली गई। बताया गया कि मासूम बालक सड़क के उस पार बिस्किट और चॉकलेट लेने



गया था, जैसे ही वह वापस आने लगा तेज रफ्तार बस की वह चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना के बाद मर्ग कायम कर बस को चिन्हित कर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया था, लेकिन परिवार के कुछ लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी, जिससे कार्रवाईकी मांग को लेकर शनिवार को परिजन सड़क पर जाम लगा दिए। जैसे ही उन्हे कार्रवाई की जानकारी हुई परिजन मान गए और भलुहई मोड़ के पास चक्का जाम को खुलवा दिया गया। बता दे परिजनों की मांग है कि पुलिस तत्काल बस सहित चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई करे।

## पुराने मकान की भरभराकर गिरी जर्जर दीवार, दो की मौत, एक घायल, नव निर्माण से पहले तोड़ी जा रही थी दीवार, बैकुंठपुर थाने के नदना गांव की घटना, गांव में मातम

रीवा ।

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदना गांव में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब एक कच्चे मकान को तोड़ते वक्त उसकी दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में मकान मालिक समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार रीवा के संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैकुंठपुर थाना अंतर्गत आने वाले इस गांव में रावेंद्र सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष, अपने पुराने जर्जर मकान को गिरवाकर नए भवन निर्माण की तैयारी में जुटे थे। सुबह करीब 10:30 बजे उन्होंने दो श्रमिकों गणेश कोल और रिंकू कोल के साथ दीवार ढहाने का काम शुरू किया था। प्रारंभिक कार्य के दौरान एक दीवार की नींव कमजोर पड़ गई और देखते ही देखते पूरी दीवार भरभराकर तीनों पर जा गिरी।





मलबे में दबने से रावेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल गणेश कोल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दूसरे श्रमिक रिंकू कोल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बता दे हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। मलबे से मजदूरों को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया, लेकिन रावेंद्र सिंह भारी मलबे में दबे हुए थे, जिससे उन्हें बाहर निकालने में समय लग गया। इसी देरी ने उनकी जान ले ली। सूचना मिलने पर बैकुंठपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ने वाले मजदूर गणेश कोल के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घायल रिंकू कोल का संजय गांधी अस्पताल में उपचार जारी है और डॉक्टरों के मुताबिक उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।बॉक्स तीन कमरों का मकान बना शोक की वजहरावेंद्र सिंह का मकान तीन कमरों का था और काफी पुराना व जर्जर हो चुका था। परिजन लंबे समय से इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण की योजना बना रहे थे। शनिवार को इसका पहला चरण शुरू हुआ था, लेकिन निर्माण से पहले ही यह हादसा हो गया।

## वाल्मीकि समाज के बच्चों के सम्मान से उनके माता-पिता गौरवान्वित हुए हैं, भारतीय वाल्मीकि जन विकास संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न

रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज और देश का नेतृत्व करता है। बाल्मीकि समाज के बच्चों के सम्मान से उनके माता-पिता गौरवान्वित हुए हैं। बच्चों के सम्मान से उनके परिजनों का भी सम्मान हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने भारतीय वाल्मीकि जन विकास संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मानव भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज भी शिक्षा के प्रति जागरूक है। उन्होंने अपने बच्चों को कड़ी मेहनत कर पढ़ाया है। शिक्षा से ही विकास होता है और सुनहरे सपने शिक्षा के ही माध्यम से साकार होते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मान प्राप्त करने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और उनसे प्रेरणा लेकर अन्य विद्यार्थी व परिजन शिक्षा के प्रति अपनी रूचि को सशक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के विद्यार्थी प्रतिभावान हैं। जरूरत इस बात की है कि उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने



अपेक्षा की कि समाज के बच्चे लगन से शिक्षा लेकर आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने बाल्मीकि समाज द्वारा प्रस्तुत मांगों से सहमत होते हुए उनकी पूर्ति कराए जाने के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम को पूर्व पार्षद सतीश सोनी एवं शिवदत्त पाण्डेय, हेमलता सिंह, चिंटू सोनी एवं सुरेशचन्द्र ने भी संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री का वाल्मीकि समाज द्वारा शॉल एवं प्रतीक चिन्ह सौंपकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एनडी अटवाल, अटल हरिओम, राजेन्द्र करोसिया, मुन्ना वाल्मीकि, बुद्धसेन करोसिया, संगीता करोसिया सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग, प्रतिभाशील विद्यार्थी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## रीवा स्पेशल ट्रेन फिर लेट, यात्री बेहाल हर फेरे में घंटों की देरी, समाधान नहीं

रीवा। यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही मुंबई-रीवा स्पेशल ट्रेन अपनी लेट-लतीफी के चलते अब खुद ही परेशानी का कारण बनती जा रही है। शनिवार को एक बार फिर यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब 8 घंटे की देरी से रीवा स्टेशन पहुंची, जिससे सैकड़ों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। ट्रेन को सुबह 9:45 बजे रीवा पहुंचना था, लेकिन यह शाम करीब 5:30 बजे स्टेशन पर दाखिल हुई। बता दे यह सिलसिला एक-दो बार का नहीं है, पिछले कई हफ्तों से ट्रेन हर बार तय समय से कई घंटे देर से पहुंच रही है। इस ट्रेन की सबसे बड़ी समस्या इसकी कम प्राथमिकता है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से हर शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन अक्सर समय पर शुरू ही नहीं हो पाती। बीते शुक्रवार भी ट्रेन लगभग 4 घंटे की देरी से रवाना हुई। रास्ते में इसे कई स्टेशनों पर रोका गया और दूसरी नियमित ट्रेनों को पहले निकाला गया। रेलवे द्वारा ट्रेन की समय-सारणी सुधारने के दावे कई बार किए गए, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन को अभी भी मुंबई और मध्य रेल के नेटवर्क में प्राथमिकता नहीं दी जाती, जिससे यह नियमित तौर पर लेट होती है।बॉक्स यात्रियों को दूसरी ट्रेनों और बसों तक की करनी पड़ रही है तलाशसमय से रीवा पहुंचने की उम्मीद लिए चलने वाले यात्रियों के लिए यह देरी बड़ी परेशानी बन रही है। खासतौर से उन लोगों को भारी दिक्कत हो रही है, जिन्हें आगे सिंगरौली, सीधी या अन्य जिलों में सफर करना होता है। कई बार उन्हें वैकल्पिक साधनों जैसे लोकल बसें या टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है।

## मऊगंज कलेक्टर के सख्त तेवर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में मचा हड़कम्प

### कर्तव्यों से खिलवाड़ करना पटवारी को पड़ा भारी, रिश्वत की मांग पर विभागीय जांच शुरू

मऊगंज

जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सख्त एक्शन लेते हुए कैमरे में रिश्वत की डिमांड करती दिखने वाली पटवारी के मामले को गम्भीरता से लेते हुए कार्रवाई के द्वारा विभागों में रिश्वत,भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा सन्देश दिया है।दरअसल जिले के हनुमना तहसील की महिला पटवारी किरण मिश्रा ने किसान से कार्य के बदले 10 हजार रुपए के रिश्वत की मांग करते हुए कैमरे में कैद हुई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया व खबरो में सामने आने पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने हनुमना एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी को तत्काल जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर उक्त सम्बंध में हनुमनाएसडीएम द्वारा श्रीमती किरण मिश्रा पटवारी को म०प्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम (1) (2) (3) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव तलब किया गया। जिसमें श्रीमती



किरण मिश्रा पटवारी, द्वारा प्रस्तुत नोटिस का जबाव समाधानकारक नही पाये जाने पर पटवारी का उक्त कृत्य म०प्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम (1) (2) (3) के प्रतिकूल होने के कारण श्रीमती किरण मिश्रा, हल्का पटवारी हनुमना को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक तहसील कार्यालय में अटैच करते हुए उनके खिलाफ म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत श्रीमती किरण मिश्रा हल्का पटवारी हनुमना के विरूद्ध विभागीय जांच के लिए तहसीलदार तहसील हनुमना को जांचकर्ता अधिकारी तथा नायब तहसीलदार को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कलेक्टर ने भ्रष्टाचार पर कसा शिकंजा

कलेक्टर संजय कुमार जैन के आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है उसकी खूब सराहना भी हो रही है,क्योंकि उनके द्वारा लोगो की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की जा रही है। पारदर्शिता लाने के साथ तत्परता से न्याय दिलाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे है,इस पर जिले के अधिवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा है कि कलेक्टर जैन द्वारा विभागों की अनैतिक कार्यशैली में सुधार को लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जाने से भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियो और कर्मचारियों में कार्यवाई का भय दिख रहा है। क्योंकि राजस्व सहित अन्य विभागो में फाइल खोजने से लेकर किसी भी तरह विभागों से जुड़े काम के लिए उसकी बोली लगाई जाती है,लेकिन लोगो को मौजूदा कलेक्टर से उम्मीद जगी है कि विभागों में उनकी समस्याओं का समाधान अवश्य होगा।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा बलराम जयंती का आयोजन हुआ

मऊगंज। जिले की ग्राम पंचायत बरहटा के भारत रत्न माला सभागार में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ इकाई मऊगंज द्वारा भगवान बलराम जयंती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक ईश्वरी प्रसाद मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सेगर ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में यदुवंश प्रसाद मिश्र दीनानाथ मिश्र गिरीश कुमार पटेल राकेश रतन सिंह पटेल उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी किसान संतोष कुमार मिश्र बरहटा ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम के अतिथि गण किसान देवता बलराम एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात दिनेश सिंह एवं बाल प्रभाकर यादव द्वारा किसान गीत गाकर लोगों का स्वागत किया तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजन उमेश कुमार चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया तत्पश्चात विवेक नामदेव ने किसानों से संबंधित कविता का पाठ किया इसके बाद बारी-बारी से सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किया जिसमें सर्वप्रथम माया गुप्ता सुनील कुमार मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष राम उजागर पटेल जिला मार्गदर्शन राकेश रतन सिंह गिरीश कुमार पटेल यदुवंश प्रसाद मिश्र संरक्षक दीनानाथ मिश्र ने किसानों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने कहा की किसानों की विभिन्न समस्याएं हैं परंतु निराकरण निश्चित टाइम पर नहीं हो पता इसका मुख्य कारण



है कि हम लोग संगठित नहीं हैं इसलिए आप सभी से विनम्र अपील है कि जब मासिक बैठक होती है आप लोग 2 घंटे का समय निकालकर जरूर आए और आपके क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं उनको जिला कार्यकारिणी एवं ब्लाक कार्यकारिणी के समक्ष जरूर रखें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री सिंह ने कहा की राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ यह कोई छोटा संगठन नहीं है इसमें कई छोटे-छोटे संगठन समाहित हैं इसीलिए महासंघ का नाम दिया गया है परंतु जितना सहयोग मिलना चाहिए उतना नहीं मिल पाता इसलिए यदि एक किसान महीने में 2 घंटे का समय और मात्र 10 रुपए संघ के लिए दे दे तो पूरे जिला में काफी राशि इकट्ठी हो सकती है और कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है यह तभी संभव है जब आप लोगों का भरपूर सहयोग मिलेगा सरकार द्वारा जो तीन कानून लाये गए थे और बाद में वापस किए गए यह सब आप लोगों के सहयोग की बदौलत की संभव हुआ है एक व्यक्ति कुछ भी नहीं कर सकता है जहां संगठन है वही शक्ति है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्रजभूषण प्रसाद मिश्र बैद्यनाथ शुक्ला रमाशंकर शुक्ल शैलेंद्र शुक्ला चंद्रमा गुप्ता सुनील मिश्रा राममणि मिश्रा इंद्र बहादुर सिंह विवेक नामदेव अवधेश चतुर्वेदी जानेंद्र सिंह परिहार बृजकिशोर पटेल विजय प्रकाश मिश्रा राम किशोर विश्वकर्मा हरिवंश कोल शंकर यादव मनबहोर पटेल राजकुमार चतुर्वेदी राजबहादुर सिंह रमेश कुमार पटेल दिनेश सिंह राम सजीवन पटेल बाल प्रभाकर यादव सतीश शुक्ला बद्रीनारायण चतुर्वेदी पारसनाथ पटेल सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र बरहटा ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया